दूरभाष 07564-234729 वेब- fmttibudni.gov.in ई-मेल fmti-mp@nic.in

भारत सरकार

केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, बुदनी

ट्रेक्टर नगर बुदनी, जिला-सीहोर (म.प्र.)-466445

संख्या 5-4/2017-18 प्रशिक्षण दिनांक 30.08.2018

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

सूचना

इस संस्थान में भारतीय कृषि कौशल परिषद द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे।

स.क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	कोड	अवधि	परामर्श (Counselling) की तिथि तथा समय
1.	ट्रेक्टर प्रचालन	AGR/Q1101	15.10.2018 से 16.11.2018	12.10.2018 सुबह 10 बजे
2.	कम्बाईन हार्वेस्टर प्रचालन	AGR/Q1102	22.10.2018 से 23.11.2018	18.10.2018 सुबह 10 बजे
3.	ट्रैक्टर प्रचालन	AGR/Q1101	14.01.2019 से 15.02.2019	11.01.2019 सुबह 10 बजे
4.	कम्बाईन हार्वेस्टर प्रचालन	AGR/Q1102	18.02.2019 से 22.03.2019	15.02.2019 सुबह 10 बजे

आवेदन कैसे करें?

आवेदक अपना विस्तृत विवरण यथा 1 नाम 2. पिता का नाम 3. जन्मतिथि 4. आधार कार्ड नंबर 5. वर्ग 6. पत्र व्यवहार का पता 7. प्रशिक्षण का उद्देश्य 8 शैक्षणिक योग्यता व तकनीकी योग्यता 9 कृषि भूमि, 10. कृषि मशीनों को चलाने का अनुभव इत्यादि विवरण सादे कागज पर दे सकते है और शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, कृषि एवं तकनीकी क्षेत्र में अनुभव रोजगार (नौकरी) इत्यादि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजातों की फोटो प्रतिलिपियों के साथ परामर्श की तिथि को इस संस्थान में उपस्थित हो। परामर्श हेतु आने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। चयनित उम्मीदवारों को उसी दिन सूचित कर दिया जाएगा, तथा उन्हें आने वाले सोमवार से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सुविधाएं :

प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रति दिन रुपए 200/-प्रशिक्षण वृत्तिका दी जाती है एवं प्रशिक्षणार्थी के निवास से आने-जाने का न्यूनतम श्रेणी का किराया (मूल टिकिट जमा करने पर) भुगतान किया जाता है। पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान में रियायती दरों पर भोजन व्यवस्था एवं ठहरने के लिए निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध है, परंतु उन्हें भोजन हेतु रुपए 3000/- अग्रिम जमा करना होगा। (समायोज्य)

उम्र उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिए और उनको हिंदी या अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। वृत्तिका भुगतान हेतु उम्मीदवारों को अपना बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड तथा पास बुक अथवा खाता विवरण की प्रति देनी अनिवार्य है।

संस्थान का पता जहां संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक, केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान ट्रैक्टर नगर बुदनी, जिला सीहोर (म.प्र.)466445

E-mail-fmti-mp@nic.in website:www.http://cfmtti.dacnet.nic.in

Phone : 07564-234729 (कार्या.)

महेशचंद्र

वरिष्ठ कृषि अभियंता